

लोगों ने विराट और एबी की बल्लेबाजी का उठाया पूरा लुत्फ

## मेरे भाई आपको मेरी ओर से हमेशा खूब बधाई: कोहली

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। आज क्रिकेट की दुनिया के मिस्टर 360 कहे जाने वाले एबी डि विलियर्स का जन्मदिन है। 17 फरवरी को डि विलियर्स अपना 38वां जन्मदिन मना रहे हैं। डि विलियर्स को उनके जन्मदिन के मौके पर दुनियाभर से बधाइयां मिल रही हैं। विराट कोहली के साथ उनकी दोस्ती किसी से छुपी नहीं है। दोनों एक–दूसरे के बेहद करीब हैं और एक–दूसरे का भरपूर सम्मान करते हैं। डि विलियर्स के जन्मदिन पर विराट कोहली ने उन्हें बधाई दी है। कोहली ने इंस्टाग्राम पर रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के अपने पुराने साथी को जन्मदिन की बधाई दी है। अपनी पोस्ट पर उन्होंने साउथ अफ्रीकी खिलाड़ी की एक तस्वीर साझा कर लिखा है– हैपी बर्थडे बिस्किट, मेरे भाई आपको मेरी ओर से हमेशा खूब बधाई। यह पोस्ट बहुत जल्दी वायरल हो गया है। फैंस ने भी इस मौके पर साउथ अफ्रीका के इस महान खिलाड़ी को जन्मदिन की बधाई दी। कोहली और डि विलियर्स ने साल 2011 और 2021 के बीच एक साथ रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर की टीम का हिस्सा रहे हैं।

डि विलियर्स इस साल से बैंगलोर के साथ नहीं होंगे। उन्होंने सभी तरह के क्रिकेट से सभी प्रारूपों से संन्यास का ऐलान कर दिया था। इस वजह से यह जोड़ी इस बार आईपीएल में साथ नजर नहीं आएगी। जहां तक कोहली की बात है तो उन्होंने पिछला सीजन शुरू होने से पहले ऐलान कर दिया था कि बतौर कप्तान यह बैंगलोर के साथ उनका आखिरी सीजन है। हालांकि वह बतौर बल्लेबाज टीम के साथ जुड़े रहेंगे। बैंगलोर की टीम ने इस दौरान कोई भी आईपीएल खिताब नहीं जीता है। लेकिन फैंस की दीवानगी में कोई खास कमी नहीं आई है। लोगों ने विराट और एबी की बल्लेबाजी का पूरा लुत्फ उठाया है।

# यश ढुल के रणजी करियर का हुआ शानदार आगाज

## पहले ही मैच में लगाया धमाकेदार शतक, मुश्किल में खेली बेमिसाल पारी

क्रिकेट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

गुवाहाटी। अंडर–19 विश्व कप विजेता कप्तान यश ढुल ने अपनी शानदार फॉर्म जारी रखी है। उन्होंने अपने रणजी ट्रॉफी डेब्यू मैच पर ही कमाल कर दिया है। ढुल ने दिल्ली की रणजी टीम की ओर से अपना पहला फर्स्ट–क्लास मैच खेलते हुए शानदार शतक लगाया है। उन्होंने 133 गेंद पर अपना शतक पूरा किया। ढुल ने तमिलनाडु के खिलाफ अपने फर्स्ट क्लास करियर की शुरुआत की और यह संकेत दिया कि भारतीय क्रिकेट का भविष्य का सितारा तैयार हो रहा है। वह 113 रन बनाकर आउट हुए।

दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने दिल्ली को मुश्किल परिस्थिति से भी निकाला। तमिलनाडु के पेसर संदीप वॉरियर ने दिल्ली को बैकफुट पर धकेल दिया था। उन्होंने ध्रुव शौरी और हिम्मत सिंह को पविलियन भेज दिया था। तीन ओवर बाद दिल्ली का स्कोर दो विकेट पर सात रन था।



ढुल ने तीसरे विकेट के लिए नीतीश राणा के साथ मिलकर 60 रन जोड़े। राणा के आउट होने के बाद भी वह क्रीज पर जमे रहे। चौथे विकेट के लिए उन्होंने जोंटी सिद्धू के साथ शतकीय साझेदारी की। ढुल ने अपनी पारी में 18 चौके लगाए। अगर ढुल अपनी इस फॉर्म को जारी रखते हैं तो दिल्ली की टीम के लिए बहुत फायदेमंद होगा। इस साल रणजी ट्रॉफी दो चरणों में खेली जाएगी। पहले लीग चरण के मैच 15 मार्च तक खेले जाएंगे और नॉक आउट मुकाबले बाद में खेले जाएंगे। ढुल इसके बाद आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स की टीम के साथ जुड़ जाएंगे। दिल्ली की टीम ने उन्हें 50 लाख रुपये देकर अपनी टीम का हिस्सा बनाया है। उनके लिए पंजाब किंग्स ने भी बोली लगाई थी।

अपना पहला रणजी मैच खेलने उतरे अंडर 19 विश्व कप विजेता कप्तान यश ने दमदार बल्लेबाजी की। पहले ही मैच में किसी अनुभवी बल्लेबाज की तरफ पारी को संभाला भी जमकर शाट भी लगाए। 14 चौके की मदद से उन्होंने 57 गेंद खेलकर हाफ सेंचुरी पूरी कि। इस दौरान तीसरे विकेट के लिए 60 रन जोड़े। लंच पर जाने के वक्त दिल्ली का स्कोर 3 विकेट पर 144 रन था। यश 104 गेंद पर 84 रन बनाकर वापस लौटे थे। लंच के बाद भी इस युवा ने अपनी दमदार बल्लेबाजी जारी रखी। 16 चौके जमाते हुए यश ने अपने पहले ही रणजी मैच में धमाकेदार शतक बना डाला।

**भारत को बनाया विश्व चैंपियन**

हाल ही में भारतीय टीम ने इंग्लैंड को अंडर 19 विश्व कप फाइनल में हराकर खिताब अपने नाम किया है। इस टूर्नामेंट के दौरान भारतीय टीम ने एक भी मैच नहीं गंवाया। भारत के लिए सेमीफाइनल में यश ढुल ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए शतक जमाया।

# अजिंक्य रहाणे ने 10 चौके जड़ते हुए जमाया अर्धशतक, वापसी के दिए संकेत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारतीय टेस्ट टीम के पूर्व उप कप्तान अजिंक्य रहाणे को खराब फार्म की वजह से लगातार आलोचना झेलनी पड़ रही है। उनको टेस्ट टीम की उप कप्तानी से भी हटाया गया और साउथ अफ्रीका में फ्लाप होने के बाद टीम से बाहर करने की बात की जा रही थी। रणजी ट्राफी उनके लिए एक आखिरी मौका बनकर सामने आया। बीसीसीआइ अध्यक्ष सौरव गांगुली ने भी उनको घरेलू टूर्नामेंट में रन बनाकर वापसी करने का सुझाव दिया था।

रणजी ट्राफी के पहले ही मुकाबले में रहाणे ने दमदार पारी खेल डाली है। उन्होंने सौराष्ट्र के खिलाफ बेहतरीन बल्लेबाजी



करते हुए 10 चौके की मदद से हाफ सेंचुरी जमाई। इस दौरान उन्होंने 103 गेंद का सामना किया और मुंबई की लड़खड़ाती पारी को संभाला। रहाणे को जिस एक अच्छी पारी की जरुरत थी वह उनको गुरुवार 17 फरवरी रणजी ट्राफी के पहले दिन मिली। मुंबई के कप्तान ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी चुनी लेकिन उनकी शुरुआत अच्छी नहीं रही। 2 रन पर कप्तान पृथ्वी शा के तौर पर टीम को पहला झटका लगा। इसके बाद आकर्षित गोमेल भी जब टीम का स्कोर 22 रन था तो विकेट गंवा बैठे। 44 रन के स्कोर पर टीम को तीसरा झटका लगा। यहां से रहाणे ने सरफराज खान के साथ मिलकर पारी को संभाली और स्कोर आगे बढ़ाया। अजिंक्य रहाणे काफी दिनों के खराब फार्म से गुजर रहे हैं। चयनकर्ताओं ने उनको टेस्ट टीम से बाहर निकालने के संकेत दे दिए हैं।

आस्ट्रेलिया में भारत को मिली टेस्ट सीरीज जीत में उन्होंने कप्तानी की थी और दूसरे टेस्ट में शतक जमाया था। इसके बाद से उनके बल्ले से कोई बड़ी पारी नहीं निकली।

## पहली बार कोई कैबिनेट मिनिस्टर रणजी टीम के प्लेइंग इलेवन में

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कोलकाता। क्रिकेट के जनक इंग्लैंड में भले ही यह खेल सज्जनों का खेल (जेंटलमैंस गेम) कहा जाता है, लेकिन भारत में इसकी शुरुआत राजे–रजवाड़ों के खेल के तौर पर हुई। देश के पहले प्रथम श्रेणी क्रिकेट टूर्नामेंट रणजी ट्राफी का नामकरण केएस रणजीत सिंह के नाम पर हुआ, जो नवानगर के महाराजा थे। 1934–35 में हुए पहले रणजी टूर्नामेंट की ट्राफी पटियाला के महाराजा भूपिंदर सिंह ने दान की थी। वक्त गुजरता गया, आज क्रिकेट राजे–रजवाड़ों के खेल से आम आदमी का खेल बन गया। हालांकि, रणजी ट्राफी खेलने वाले क्रिकेटरों की फेहरिस्त में कुछ मंत्रियों के नाम भी शामिल हैं। इनमें सबसे खास मनोज तिवारी हैं। मनोज देश के पहले ऐसे क्रिकेटर बने हैं, जो मंत्री रहते प्रथम श्रेणी क्रिकेट टूर्नामेंट में उतरे। 17 फरवरी को कटक के बाराबाती स्टेडियम में बड़ौदा के खिलाफ मैच खेलने के लिए उतरते ही वह यह कीर्तिमान अपने नाम किया। 36 साल के मनोज बंगाल के खेल राज्य मंत्री हैं। उन्होंने पिछले साल ही ममता सरकार में मंत्रिपद संभाला है।

## न्यूज डायरी



## राहुल द्रविड़ ने ईशान को वर्तमान पर ध्यान देने की दी सलाह

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कोलकाता। भारतीय टीम के विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन ने इस साल हुए मेगा–ऑक्शन में 15.25 करोड़ रुपये की भारी–भरकम रकम हासिल की। मुंबई इंडियंस ने उनके लिए जमकर बोली लगाई और आखिर अपने इस खिलाड़ी को एक बार फिर टीम का हिस्सा बनाया। वह आईपीएल इतिहास के दूसरे सबसे महंगे भारतीय खिलाड़ी भी बने। आईपीएल नीलामी की खुमारी अभी उतरी भी नहीं थी कि खिलाड़ियों को अपना ध्यान वेस्टइंडीज के खिलाफ टी20 सीरीज पर लगाना पड़ा। बुधवार से यह सीरीज कोलकाता के ईडन गार्डंस पर शुरू हो गई। मैच से पहले रोहित शर्मा ने कहा कि जब नीलामी चल रही थी तो खिलाड़ी स्वाभाविक रूप से काफी उत्साहित थे लेकिन अब वह खत्म हो चुकी है और प्लेयर्स को अपना ध्यान इस सीरीज पर लगाना चाहिए। कप्तान की बात को ही दोहराते हुए किशन ने खुलासा किया कि मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने भी उन्हें इसी तरह की बात कही।

## फैंस के लिए खुशखबरी, तीसरे टी20 में 20 हजार दर्शकों को मिली अनुमति

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कोलकाता। बीसीसीआई ने भारत और वेस्टइंडीज के बीच 20 फरवरी को होने वाले तीसरे टी20 मैच के लिए 20 हजार दर्शकों को ईडन गार्डंस पर प्रवेश की अनुमति देने का फैसला किया है जिनमें अधिकांश बंगाल क्रिकेट संघ (कैब) के सदस्य होंगे। बीसीसीआई अध्यक्ष सौरभ गांगुली ने बंगाल क्रिकेट संघ के प्रमुख अविषेक डालमिया को लिखे ईमेल में कहा, 'आपके अनुरोध के बाद अन्य पदाधिकारियों के साथ बातचीत के बाद यह फैसला लिया गया कि वेस्टइंडीज के खिलाफ आखिरी टी20 में दर्शकों को प्रवेश दिया जा सकता है।' इसके लिए कैब अपने सदस्यों और मान्य ईकाइयों को मुफ्त टिकट जारी करेगा। डालमिया ने कहा, 'हम बीसीसीआई के शुक्रगुजार हैं। इससे कैब आजीवन सहयोगियों, सालाना और मानद् सदस्यों के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभा सकेगा।' इससे पहले गांगुली ने था कि खिलाड़ियों के स्वास्थ्य को लेकर किसी भी तरह की जोखिम से बचने के लिए दर्शकों को प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी।

## कब खेली जाएगी रोड सेफ्टी वर्ल्ड सीरीज, बांग्लादेश के खिलाड़ियों का भुगतान हुआ

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। पूर्व क्रिकेटरों की रोड सेफ्टी वर्ल्ड सीरीज भारत में चार जगहों पर मई–जून 2022 में खेली जाएगी। पहले यह टूर्नामेंट फरवरी–मार्च में खेला जाना था, लेकिन अब इसे आगे बढ़ा दिया गया है। घटनाक्रम की जानकारी रखने वाले सूत्रों ने समाचार एजेंसी एएनआइ को पुष्टि करते हुए कहा कि टूर्नामेंट चार स्थानों पर खेला जाएगा और आयोजक मई के अंतिम सप्ताह में टूर्नामेंट शुरू करना चाहते हैं। बता दें कि पिछले साल इस टूर्नामेंट में सचिन तेंदुलकर और वीरेंद्र सहवाग जैसे दिग्गज क्रिकेटर खेलते दिखाई दिए थे। इसका आयोजन छत्तीसगढ़ के रायपुर में हुआ था। सूत्रों ने कहा, हां टूर्नामेंट का आयोजन चार स्थानों हैदराबाद, विशाखापत्तनम, लखनऊ और इंदौर में किया जाएगा। पहले, हम फरवरी के अंतिम सप्ताह में टूर्नामेंट शुरू करना चाह रहे थे, लेकिन अब कार्यक्रम को आगे बढ़ा दिया गया है और यह मई के अंतिम सप्ताह में शुरू होगा।

## सात विकेट लेकर तोड़ दी साउथ अफ्रीका की कमर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** क्राइस्टचर्च। मैट हेनरी ने अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए किया और न्यूजीलैंड ने साउथ अफ्रीका को उसकी पहली पारी में सिर्फ 95 रन पर ऑल आउट कर दिया। गुरुवार को मैच के पहले दिन हेनरी ने 23 रन देकर सात विकेट लिए। हेनरी 8 महीने बाद हेनरी अपना पहला टेस्ट मैच खेल रहे हैं। ट्रेंट बोल्ट पितृत्व अवकाश पर हैं और इसी वजह से हेनरी को मौका मिला। यह न्यूजीलैंड की ओर से टेस्ट क्रिकेट में तीसरा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। हेनरी ने पारी के ब्रेक के दौरान कहा, श्अपने घरेलू दर्शकों, दोस्तों और परिवार के सामने अच्छा प्रदर्शन करना बहुत शानदार है।